## सांसद और महापौर की गैर मौजूदगी से भाजपा में मची खलबली

# हवाई सेवा परिचर्चा से भाजपा में छिड़ी नई चर्चा

**हरिभूमि, जबलपुर।**

हाल ही में जबलपुर में एयर इंडिया एक्सप्रेस कमर्शियल चीफ आफिसर की मौजूदगी में जबलपुर से उड़ानों की आवश्यकता और उपयोगिता के संदर्भ में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा आयोजित कराई गई परिचर्चा जहां शहर विकास को लेकर चर्चाओं में आई, तारीफ हुई। लेकिन दूसरी तरफ इस परिचर्चा के बाद भाजपा के अंदर एक नया विवाद छिड़ गया और पार्टी के अंदर गुटबाजी की खलबली देखी जा रही हैं।

दरअसल इस परिचर्चा में जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे की गैरमौजूदगी में एक बार फिर पार्टी के अंदर गुटबाजी की खबरों को सुर्खियों में ला दिया। कहा जा रहा इस बैठक में सांसद को आमंत्रित नहीं किया गया था, जबकी वह शहर में मौजूद थे। जबकि एक तर्क यह भी है की पार्टी संगठन के कार्यक्रमों के चलते सांसद बैठक में नहीं पहुंच पाए। मामला कुछ भी हो पार्टी में



गुटबाजी की चर्चा छिड़ गई है। इसके पूर्व भी नगर निगम के विषयों से जुड़ी बैठक में जहां निगम अधिकारी बुलाए गए, लेकिन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू नदारद रहे। वहां भी यही चर्चा निकली की उन्हें भी बैठक में नहीं बुलाया गया था। फिर बाद में यह कहकर कि महापौर अस्वस्थ्य थे, इसलिये बैठक में नहीं आए और मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की गई।

### साफ देखा जा रहा दबदबा

इन दिनों सत्ता और संगठन के बीच सिर्फ और सिर्फ मंत्री राकेश सिंह का दबदबा नजर आ रहा है। यही वजह है कि अन्य नेता अपने वजूद को तलाश रहे हैं या तो सार्वजनिक बैठकों में बुलाए नहीं जाते, या वो खुद बैठकों से दूरी बना लेते हैं। यह स्थिति जबलपुर भाजपा में बीते 2 साल से बनी हुई है। लेकिन अब स्पष्ट रूप से साफ-साफ नजर आने लगी है।

### पहले नहीं होता था ऐसा

अपनों को उपकृत करना, सवाल करने वालों को नजर अंदाज करने जैसे चीजों जो जबलपुर भाजपा में कभी नहीं थी। अब खुलकर होती दिख रही हैं। यह सब अब इस स्तर पर हो रहा है कि आम शहरवासी भी इसे नोटिस कर रहा है और कह रहा है। संगठित अनुशासित भाजपा में अब सब कुछ पहले जैसा नहीं रहा।

### वरिष्ठ भाजपाईयों में चिंता

वहीं वरिष्ठ और वैचारिक भाजपाई की चिंता यह है की भाजपा की नई पीड़ी जो यह सब देख और समझ रही है, वो क्या सीखेगी और आगे जाकर क्या करेगी। संघ और प्रदेश भाजपा स्तर की समीक्षा बैठकों में कई बार इस बात की तरफ ध्यानाकर्षण कराया गया है। जहां जिम्मेदारों ने चिंता भी व्यक्त की है. लेकिन समाधान किसी के पास कुछ नहीं है। एक बात जो स्पष्ट है वो यह की यदि इस स्थित पर ध्यान नहीं दिया गया, तो फिलहाल दो फाड़ दिख रही जबलपुर भाजपा जल्द कई फाड़ नजर आएगी।

### सांसद शहर में फिर क्यों नहीं आए

शहर में चर्चा का विषय बन चुकी हवाई सेवा उड़ानों की बैठक में सांसद आशीष दुबे नहीं आये जो की गुटबाजी का संकेत नजर आ रहा है, आम चर्चा है की भले ही मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री 20 साल सांसद रहे हो लेकिन वर्तमान में आशीष दुबे सांसद है इसलिए बैठक में उनका पहुंचना बहुत जरूरी था। क्योंकि हवाई उड़ानों का जो मसला है वह सीधा केंद्र से जुड़ा हुआ है और केंद्र में अपनी बात सांसद आशीष दुबे ही रख सकते हैं।

# बिना कंप्यूटर के कंप्यूटर का प्रशिक्षण

**जबलपुर।**



मध्यप्रदेश में ई-ऑफिस प्रणाली के तहत कर्मचारियों को डिजिटल दक्षता बढ़ाने हेतु चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आई हैं। जबलपुर के तहसीली कार्यालय के प्रथम तल पर आयोजित इस प्रशिक्षण में बिना कंप्यूटर के प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष देखा गया।

प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों का कहना है कि जितने कंप्यूटर उपलब्ध हैं, उससे कहीं अधिक संख्या में कर्मचारियों को बुला लिया गया है। इससे प्रशिक्षण केवल औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि विभागों को प्रशिक्षण शुल्क तो मिल ही जाएगा, परंतु कर्मचारियों को वास्तविक ज्ञान नहीं मिल पाएगा।गर्मी के इस मौसम में प्रशिक्षण स्थल पर बैठने की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। कुछ ही पंखे कार्य कर रहे हैं, जबकि कूलर, एसी, या ठंडे पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। शुक्रवार दोपहर 12:58 बजे के समय पर महिलाओं सहित कई कर्मचारी गर्मी और अव्यवस्था के कारण परेशान दिखे।ई-ऑफिस एक तकनीकी और प्रायोगिक प्रणाली है, लेकिन जब तक कर्मचारियों को प्रैक्टिकल रूप से नहीं सिखाया जाएगा, तब तक इस प्रणाली की सफलता पर प्रश्नचिन्ह बना रहेगा।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी, अलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, रजनीश पांडेय, के. जी. पाठक, अजय सिंह ठाकुर, योगेंद्र मिश्रा, राजू मस्के, अरुण पटेल, शैलेष गौतम, रामदास बरकडे और सतीष उपाध्याय ने मिलकर प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रशिक्षुओं को व्यक्तिगत कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएं, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ठंडे पानी, कूलर/एसी, और साफ-सुथरे बाथरूम की सुविधा सुनिश्चित की जाए. संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मांगों पर अमल नहीं हुआ, तो कर्मचारियों के भविष्य और शासन की डिजिटल योजनाओं दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।



## हमले के विरोध में धरने पर बैठे टेलीकाम कर्मी

**जबलपुर।** रिछाई स्थित बीएसएनएन टेलीकाम फैक्ट्री में रात्रीकालीन ड्यूटी पर तैनात इलेक्ट्रीशियन रघुनंदन सिंह व अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ फैक्ट्री का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने हमला कर दिया। हमले में रघुनंदन सिंह घायल हो गये। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा मामले पर संज्ञान नहीं लिये जाने पर कर्मचारी धरने पर बैठ गये। साथी कर्मचारियों ने वाहन की व्यवस्था घायलों को जामदार अस्पताल पहुंचाया। साथी कर्मचारियों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रबंधन ने घटना से कोई संज्ञान नहीं लिया।

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम, भेड़ाघाट से हर पूर्णिमा को आयोजित होने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा इस माह चैत्र पूर्णिमा (12 अप्रैल) को प्रातः 6:00 बजे भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में प्रारंभ की जाएगी। परिक्रमा का शुभारंभ संत-महात्माओं के सानिध्य में होगा, जो इस धार्मिक यात्रा को दिव्यता प्रदान करेगा। इस पावन अवसर पर बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण भी किया जाएगा, जो आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज की उपस्थिति में संपन्न होगा। परिक्रमा के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ. सुधीर अग्रवाल, नर्मदा महाआरती के संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल, मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, विनोद दीवान, मनोज गुलब्बानी, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

## अवैध उत्खनन पर 32.41 लाख रूपये की राशि अधिरोपित

### समयावधि पर राशि जमा नहीं होने पर दुगनी राशि की होगी वसूली एवं कुर्की

जबलपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दीपक सक्सेना ने लम्हेटाघाट में रात्रि के समय एक माह से डम्फर एवं मशीन से मिट्टी के अवैध उत्खनन पर लम्हेटाघाट निवासी श्री राजकुमार यादव पिता श्री बबलू यादव पर 1 हजार रूपये की प्रशमन राशि सहित 32 लाख 41 हजार अर्थदंड अधिरोपित किया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि उक्त राशि शासन के खाते में जमा कराई जाकर मूल चालान जिला खनिज अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है तो अनावेदक श्री राजकुमार यादव को प्रकरण से उन्मुक्त माना जायेगा। यदि एक माह के भीतर अनावेदक श्री राजकुमार यादव द्वारा 32 लाख 41 हजार की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवाहन तथा भंडारण निवारण) नियम 2022 के नियम 18(6) के तहत कुल शास्ती राशि की दुगनी राशि अधिरोपित की जायेगी एवं मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के उपबंधों के अनुसार संबंधित तहसीलदार के माध्यम से वसूली एवं कुर्की की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## हिन्दू एकता मंच की भव्य शोभायात्रा आज

**जबलपुर।** हनुमत जन्मोत्सव पर हिन्दू एकता मंच द्वारा 12 अप्रैल को श्री विराट संकटमोचन रथ एवं महाआरती शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गोहलपुर थाना स्थित श्री हनुमान मंदिर गोहलपुर से सायं 7 बजे से प्रारंभ होकर श्री बड़े प्राचीन हनुमान मंदिर अधारताल तक होगा। जिसमें विशेष रूप से धर्म ध्वजा के साथ अश्व, घोड़ों के साथ संतों का सानिध्य, विभिन्न अखाड़ों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन एवं झाकियों की प्रस्तुति होगी, वहीं सम्पूर्ण मार्ग में स्वागत मंचों के साथ श्री विराट महाआरती एवं संकट मोचन रथ यात्रा अधारताल श्री प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर महाआरती, पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ समापन किया जायेगा। जिसमें उपस्थिति की अपील हिन्दू एकता मंच ने की है।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की हुई बैठक

**जबलपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष सहित सदस्य व विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आजीविका मिशन, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्यों द्वारा अवगत कराये जाने पर सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत द्वारा विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र में दवाईयां एवं स्टाफ की कमी को दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। आजीविका मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में दीदीओं को और अधिक सक्षम एवं सुदढ़ बनाने के निर्देश दिये गये। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सडकों को गुणवत्तापूर्ण बनाये जाने एवं प्रगतिरत कार्यो का समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जल जीवन मिशन योजना को प्रभावी बनाकर पेयजल की समस्या को हल करने के निर्देश दिये।

# प्रमाण पत्र के बिना किसी भी चिकित्सक को चिकित्सा सेवा की अनुमति न दें निजी अस्पताल

**जबलपुर।**

मिशन अस्पताल दमोह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना को ध्यान में रखते हुये जबलपुर जिले में स्थित सभी निजी अस्पतालों और क्लिनिकों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों की प्रमाणित योग्यता एवं पंजीकरण की अनिवार्यता को सख्ती से लागू करने का निर्णय प्रशासन ने लिया है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा द्वारा सभी निजी अस्पतालों को निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के अनुसार जबलपुर जिले के सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि मरीजों की देखभाल और उपचार में प्रत्यक्ष रूप से संलग्न सभी चिकित्सा अधिकारियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री, म.प्र. आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकरण, आवश्यक प्रमाणपत्र,ल और यदि लागू हो तो अतिरिक्त विशेषज्ञ योग्यता का पंजीकरण हो।

### निजी अस्पताल प्रबंधकों को निर्देश जारी

निर्देशों में कहा गया है कि यह प्रावधान राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019, क्लिनिकल इस्टैब्लिशमेंट अधिनियम, 2010 एवं मध्य प्रदेश नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत अनिवार्य है। अस्पतालों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके यहां केवल उसी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सक कार्यरत हों, जिसके लिए वे प्रशिक्षित एवं पंजीकृत हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशों के मुताबिक सभी अस्पतालों को 21 अप्रैल तक अपने चिकित्सा अधिकारियों की योग्यता एवं पंजीकरण की जांच कर इसकी पुष्टि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को लिखित रूप में देनी होगी। इस रिपोर्ट के साथ 100 रुपये के स्टांप पेपर पर यह उल्लेख करना भी आवश्यक होगा कि संस्थान में केवल अधिकृत एवं योग्य चिकित्सकों द्वारा ही चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

अस्पताल संचालकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अन्य प्रदेशों से आए चिकित्सकों की सेवाएं तभी ली जाएं जब वे मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत हों। बिना वैध पंजीकरण के किसी भी बाहरी चिकित्सक को कार्य करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी चिकित्सा अधिकारी के पास आवश्यक प्रमाणपत्र नहीं पाए जाते हैं, तो उसे चिकित्सा सेवा प्रदान करने की अनुमति नहीं दी जाये। संबंधित अस्पताल संचालक इस प्रक्रिया के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। डॉ मिश्रा ने चेतावनी दी है कि इस आदेश का अनुपालन न करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म के आरोपी का नाम क्यों उजागर किया जाता है

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि जब दुष्कर्म पीड़ि का नाम गुप्त रखने का प्रावधान है तो आरोपी का नाम क्यों उजागर किया जाता है? चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच बे सरकार को 4 सप्ताह में हर हाल में जवाब पेश करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने दो टूक कहा ऐसा नहीं करने पर 15 हजार रुपए की कॉस्ट के साथ रिप्लाई स्वीकार किया जाएगा। यह राशि मप्र हाईकोर्ट विधिक सहायता कमेटी में जमा कराई जाएगी। जबलपुर के डॉ पीजी नाजपांडे व डॉ एमए खान की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि आपराधिक नियम के तहत दुष्कर्म पीड़िता का नाम गुप्त रखने का प्रावधान है। ऐसा करना लैंगिक भेदभाव है, जोकि संविधान की मंशा के वितपरी है। कानून में यह कहा गया है कि जब तक आरोप साबित नहीं हो जाता, तब तक अभियुक्त निर्दोष होता है। ऐसे गंभीर प्रकरणों में आरोपी का नाम सार्वजनिक करने से उसकी छवि प्रभावित होती है। याचिका में कहा गया कि फिल्मी हस्ती मधुर भंडारकर जैसे कई ऐसे नाम हैं, जो ऐसे आरोपों से बरी हुए हैं, लेकिन सार्वजनिक प्रतिष्ठा धूमिल हो गई। मांग की गई कि उक्त अधिनियम के तहत ट्रायल पूरी होने तक दुष्कर्म के मामलों में आरोपी का नाम भी गुप्त रखा जाए।

## अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे स्कूल

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में स्थित सभी स्कूलों के लगने का समय अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है। इस बारे में शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बढ़ते तापमान को देखते हुये कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने दो दिन पूर्व आदेश जारी कर स्कूलों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया था।



अभिभावकों के लगातार आग्रह पर कलेक्टर द्वारा अब एक बार पुनः स्कूलों के लगने के समय में परिवर्तन किया गया है और विद्यार्थियों के लिये स्कूलों के लगने का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार जिले में स्थित सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई और नवोदय विद्यालय अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेंगे। विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने जारी किया गया संशोधित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अनुसार ही होंगे।

### कलेक्टर सक्सेना की अध्यक्षता में हुई किसान संगठनों की बैठक

# किसानों की समस्याओं का समय पर हो निराकरण

**जबलपुर।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में किसान संगठनों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके निराकरण की दिशा में कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नहर, बिजली, पानी व गेहूं खरीदी को लेकर चर्चा हुई। किसानों ने कहा कि जिले की सभी माईनर नहरों के सुधार हो तथा नहर की अंतिम छोर तक पानी पहुंचे। जिससे किसान अपनी जरूरत के अनुसार पानी ले सके। किसानों ने नहरों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को बैठक में रखा। साथ ही कहा कि प्राक्कलन समिति के अनुसार नहरों के मरम्मत व सुधार की कार्य योजना बनाई गई है। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि इस संबंध में पिछले पांच सालों के बजट के आधार पर इस सत्र में प्राक्कलन तैयार किया जाये। उन्होंने कहा कि इस पर विस्तृत चर्चा 21 अप्रैल को होने वाली दिशा की बैठक में भी की जायेगी। बिजली की उपलब्धता के संबंध में भी किसानों ने अपनी बात रखकर कहा कि किसानों को सिंचाई के



लिए पर्याप्त बिजली मिले, ट्रिपिंग की समस्याओं को दूर किया जाये, खराब बिजली के तारों का सुधार करें तथा बिगड़े ट्रांसफार्मर को शीघ्रता से बदलें। इस दौरान संबंधित अधिकारी ने किसानों को बिजली सुनिश्चितता के लिए किये जा रहे सभी सार्थक प्रयासों के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर सक्सेना ने किसानों से कहा कि किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्धता के लिए लगातार प्रभावी कार्य किया जा रहा है। साथ ही कहा कि किसान सोलर पावर भी लगवायें, जिससे उन्हें बिजली आपूर्ति में सहायता मिल सके। बैठक में गेहूं पंजीयन व खरीदी पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा धान उपार्जन में शेष भुगतान पर भी आवश्यक चर्चा की गई। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि शासन-प्रशासन हमेशा किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर कार्य कर रहा है जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, उप संचालक कृषि एसके निगम, किसान संघ से जुड़े पदाधिकारी व किसान मौजूद थे।जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठककलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष व्यास सहित अन्य प्रशासनिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर सक्सेना ने बैठक में चाइल्ड केयर इंटीट्यूट में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और उनकी देखभाल से संबंधित जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को सभी बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं बैंक खाते तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड से जारी हुए वारंट और सम्मन तामिली कम होने पर संज्ञान लेते हुए पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत तामिली के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर सक्सेना ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ को स्पॉन्सरशिप, प्रधानमंत्री केयर, कोविड बाल से लाभान्वित हितग्राही के बजट प्राप्त होते ही तत्काल भुगतान के निर्देश दिए।

- सिहोरा में हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल वाहन रैली आज
- नगर के हनुमान मंदिरों में पूजन, हवन भण्डारे

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस...

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहु लोक उजागर ....पवन पुत्र अजंनी के लाल,संकट मोचक वीर हनुमान का जन्मोत्सव आज शनिवार को सिहोरा-खितौला में आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर विशाल वाहन रैली भी निकाली जायेगी।

## इन मार्गो से निकलेगी वाहन रैली

हिन्दु उत्सव समिति के संयोजन में बाबाशाला कटरा मोहल्ला से प्रातः8.30 बजे से विशाल वाहन रैली प्रारम्भ होगी जो मझौली बाईपास, गढिया मोहल्ला, झंडा बाजार, स्टेट बैंक तिराहा,नया बस स्टेंड से वापस बाबाशाला पहुंचेगी वहां से कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार,काल भैरव चौक, महावीर चौक, मैना कुआं से शिवमंदिर बाबाताल होते हुए फोर लाइन से पहरेवा नाका, कृषि उपज मंडी, लखराम मोहल्ला से स्टेशन तिराहा,खितौला फाटक, उमरिया पान रोड,पर्वत वासनी माता मंदिर के पहले से मंझगवा बायपास, नृसिंह मंदिर, एस एस कालेज से रेलवे फाटक,खितौला बस स्टेंड से पुनः खितौला चौराहा, बाबाताल मंदिर से होकर पुराना बस स्टेंड में समापन पर भव्य आतिशबाजी, महाआरती तथा विशाल हिन्दू महाकुंभ में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एंव विशाल भंडारे का आयोजन होगा





## हनुमान मंदिरों में आज जगह-जगह भंडारे

हनुमान जन्मोत्सव पर आज जगह-जगह भण्डारे का आयोजन किया गया है। पुजारी सुनील द्विवेदी ने बताया रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ के साथ 108 सुंदरकाण्ड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी तरह ज्वालामुखी मार्ग वार्ड क्रमांक 2 में नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी द्वारा शुक्रवार से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया है जिसके आज समापन पर शिव हनुमान मंदिर में हवन पूजन के अलावा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इसके अलावा पुराना बस स्टेण्ड तहसील कार्यालय के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में शुक्रवार से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ आज पूजन अर्चन आरती भंडारे का आयोजन, सरावगी मोहल्ला,बाबाशाला,सिविल कोर्ट के सामने,अद्धू मोहल्ला सहित अन्य मंदिरो में शुक्रवार से ही अखण्ड मानस पाठ प्रांरभ हो गये है तथा पूजन हवन, कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारे भी आयोजित किये जाएंगे जो दिनभर चलते रहेगें।

## भगवा रंग में रंगा सिहोरा-खितौला

सिहोरा खितौला बैनर झंडो से भगवा रंग में रंगा नजर आ रहा है। वाहन रैली को लेकर बड़े बुजुर्ग से लेकर बच्चो तक में भारी उत्साह देखने मिल रहा है। सभी हनुमान भक्तों से वाहन रैली में पहुचने की अपील हिन्दु उत्सव समिति ने की है। रैली समापन स्थल पुराना बस स्टेंड को हनुमान भक्तों द्वारा भव्य आतिशबाजी भी की जायेगी । समापन स्थल पुराना बस स्टेंड को भी भगवा झंडों एंव झंडियों से सजाया गया है।

## रैली में होगी पुष्प वर्षा

वाहन रैली मार्ग में जगह जगह मातृशक्ति द्वारा पुष्प वर्षा के अलावा रैली के स्वागत हेतु खितौला बस स्टेंड में आलूबंडा एंव पहरेवा में फ्रूटी वितरण सहित अनेक स्थानों में अन्य खादय सामग्री के स्टाल पर लगाकर भक्तों का भव्य स्वागत किया जायेगा।



## हनुमान जयंती पर पाटन में विविध आयोजन

**पाटन**। नगर में श्री हनुमान जी महाराज की पावन जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अंजनी मंडल बाजार से भव्य समारोह के साथ शोभायात्रा का आयोजन होगा जो नगर भ्रमण के साथ सम्पन्न होगी। भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर में विराजमान अंजनी पुत्र भगवान हनुमान जी की सिद्ध मूर्ति स्थापित है जहां हर मनोरथ पूरे होते हैं नगर में सभी स्थानों पर अनुष्ठान संपन्न होंगे।

## हनुमान जयंती पर मझौली में निकलेगी शोभायात्रा

**मझौली**। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में जगह-जगह अखंड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन कराया जा रहे हैं एवं 12अप्रैल 2025 को सनातन हिन्दू धर्म संस्कृति के रक्षक सभी के पूज्य, पवन पुत्र अंजनी नंदन श्री राम भक्त श्री हनुमान जी जयंती है, श्री बजरंग बली जी शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पवन सुत आश्रम इंद्राना रोड मझौली जबलपुर से समय 3 बजे प्रारम्भ होंगी। नगर का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्ग से होते हुए राम जानकी मंदिर बस स्टैंड में समापन होगी। जिसमें हिन्दू बहिन भाई, संत जन, शामिल होंगे। शोभा यात्रा में संत समाज आगमन आकर्षक झांकियां हिंदू भाई बहनों द्वारा कला का प्रदर्शन राम दरबार झांकी यह आयोजन विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मझौली एवं समस्त हिंदू समाज के द्वारा किया गया है।



## आदित्य हॉस्पिटल में कार्यशाला आयोजित



**जबलपुर**। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी और पेन मैनेजमेंट पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण और कार्यशाला आज से आदित्य हॉस्पिटल में प्रारंभ हुई। जिसे प्रसिद्ध चिकित्सकों डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. आशीष टंडन एवं डॉ. प्रशांत सिंह कुशवाहा द्वारा आयोजित किया गया है। इसके साथ ही कैडावरिक कार्यशाला डॉ. प्रदीप कसार (डीन), प्रो. एसके वर्मा और डॉ. अर्जुन सक्सेना के मार्गदर्शन में सुख सागर मेडीकल कॉलेज में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण और कार्यशाला के दौरान एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी और पेन मैनेजमेंट के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और उपकरणों की जानकारी एवं उपचार प्रदान किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान कार्ड धारकों हेतु निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। उक्त आयोजन में डॉ. जनमेजय जामदार, डॉ. सुधांशु अग्रवाल, डॉ. अमरीश दुबे आदि का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## एक्सक्लूसिव ओपीडी सुविधा अब मैक्स मेड सेंटर जबलपुर में




**जबलपुर**। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने जबलपुर स्थित मैक्स मेड सेंटर में कार्डियक, लिवर ट्रांसप्लांट और न्यूरोलॉजी के लिए अपनी विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर के कार्डिएक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टंट डॉ. पुनीत जांडियाल, जीआई और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के सर्जन, सीनियर कंसल्टंट डॉ. राजविलास नारखेडे और न्यूरो फिजिशियन एंड मूवमेंट डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट डॉ. अभिषेक वांकर की उपस्थिति में की गई। डॉ. राजविलास नारखेडे और डॉ. अभिषेक वांकर हर महीने के दूसरे शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, वहीं डॉ. पुनीत जांडियाल हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

## आचार्यश्री विद्यासागर मंडल में बस्ती चलो अभियान कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के निर्देश पर चेरीताल वार्ड आचार्य श्री विद्यासागर मंडल में बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आचार्य श्री वासुदेव शास्त्री जी की उपस्थिति में पूर्व महापौर प्रभात साहू, मंडल प्रभारी श्रीमती तृष्णा चटर्जी, मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला पार्षद प्रतिभा भापकर, बूथ अध्यक्ष नरेंद्र साहू, राजेन्द्र व्यौहार, शैलेश पटेल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, आलोक चनपुरिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेंद्र खरे, अरविंद गुप्ता, संजय गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव जी,सहित आशीष नेमा, माया गुजराती, ब्रजेश नेमा, नितिन दुबे, अभय चौधरी, नीतू चौधरी, भाजपा चेरीताल के सत्य प्रकाश सराफ, स्मृति , अनिता सुहाने, किशोरी बर्मन, पिंकू ठाकुर, शियोग्य राठौड़, गुड्डू विश्वकर्मा, आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राज्य कर्मचारी संघ सिहोरा की कार्यकारिणी घोषित



**सिहोरा**। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय एवं देवेंद्र पचौरी सह संयोजक के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सिहोरा तहसील की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें के जी पाठक तहसील अध्यक्ष, सचिव योगेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष संजय उरमलिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील दाहिया, सचिव संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनजीत प्रताप सिंह को घोषित कर नियुक्त पत्र प्रदान किए गये।

## मनोज कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आज

**जबलपुर**। हिंदी सिनेमा के मशहूर कलाकार मनोज कुमार का 87 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को सुबह 3:30 बजे निधन हो गया। उनके दुखद निधन पर स्टार म्यूजिकल्स के तत्वावधान में आज 12 अप्रैल को शाम 6:00 बजे दत्त मंदिर (गोल बाजार) में स्व . मनोज कुमार के गीतों से उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी। स्व. मनोज कुमार विगत कुछ हफ्तों से मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे उनके असमय दुःखद निधन से स्टार म्यूजिकल जबलपुर ने गहन शोक व्यक्त किया है तथा आज श्रद्धांजलि सभा के आयोजन में स्टार म्यूजिकल के मनोज बाजपेई, मधु बाजपेई, मनीष दुबे, डॉ. अरुण मिश्रा आदि ने श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होने की अपील जनमानस से की है।

**अनुमानित व्यय अठहत्तर करोड़ पच्चीस लाख चौरासी हजार**

**अनुमानित आय अठहत्तर करोड़ सड़सठ लाख पैंतीस हज़ार रुपए**

## सिहोरा नगर पालिका का 41 लाख से अधिक रुपए के लाभ का बजट पारित



**सिहोरा**। नगर पालिका सिहोरा का साधारण सम्मेलन सभाकक्ष में सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े के मुख्य आतिथ्य नपाध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता,नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी एवं परिषद के सभी सदस्यों,अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि अध्यक्ष द्वारा अनुशंसित आय-व्यय का अवलोकन किया गया एवं बजट वर्ष 2025-26 की बैठक में प्रस्तुत बजट अनुमानित आय 786735000.00 एवं व्यय 782584000.00 के साथ रु. 4151000.00 बचत का तैयार किया गया। विभिन्न मदों से प्राप्त आय के विरूद्ध नगर पालिका के कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि एवं नगर के विकास के विभिन्न निर्माण कार्यों पर व्यय, प्रकाश व्यवस्था / जलप्रदाय व्यवस्था पर व्यय, अंकेक्षण शुल्क की अदायगी का प्रावधान एवं संचित निधि में जमा करने का प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्य जैसे सफाई व्यवस्था,संक्रामक रोगों की रोकथाम, सामाजिक जनकल्याणकारी कार्य, उपकरणों आदि की मरम्मत एवं रखरखाव कर्मचारियों को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं एवं कामकाज के संचालन हेतु स्टेशनरी आदि की व्यवस्था सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन हेतु बजट में प्रावधान किया गया। इस प्रकार परिषद ने बिना कोई कर बढ़ाते हुए लाभ का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे जलप्रदाय, सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था के लिए समुचित प्रावधान किया गया है, वहीं नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़कों, नालियों के निर्माण, कार्य कराया जाएगा।अध्यक्ष के द्वारा अनुशंसित बजट बैठक में सर्वसम्मति से ध्वनी मत से पारित किया गया। बैठक में पार्षद प्रमोद चौधरी, रीता शुक्ला, कल्पना पांडे, ममता गोंटिया, ज्योति चक्रवर्ती, बेबी पाल, गौरा देवी विश्वकर्मा, राजेश चौबे, शारदा बर्मन, अजय बेटू शर्मा, जवाहर कोल, लीला बर्मन, रमेश पटेल, अंकुश नायक, माधुरी दाहिया, विवेक सिलावट, राजकुमार बैगा, सुशील वर्मा, मनोज खंपरिया आदि उपस्थित थे।

*तीन मंडलों के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन*

## भाजपा के सत्ता में आने के बाद भारतीय संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला : संतोष बरकडे



**सिहोरा**। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विकास की राजनीति पर अधिक विश्वास किया है जिसका ही परिणाम है कि सभी के आशीर्वाद और सहयोग से लगातार तीसरी बार केन्द्र एंव राज्य में बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी । उक्ताशय के विचार विधायक संतोष बरकडे ने नगर मंडल,ग्रामीण मंडल गोसलपुर एंव मंझगवा मंडल के सक्रिय सदस्यों के मझौली बायपास स्थित पैलेस में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में व्यक्त किए। भारत माता के साथ दीनदयाल उपाध्याय,पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर प्रारम्भ हुए सम्मेलन में पूर्व विधायक दिलीप दुबे,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दुबे,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि अग्निहोत्री,सत्यप्रकाश खरे,सक्रिय सदस्य स्थापना दिवस गांव चलो बस्ती चलो अभियान के जिला संयोजक पुष्पराज सिंह बघेल मुख्य रुप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों का पार्टी के अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। वक्ता सत्यप्रकाश खरे ने कहा भारत के आजाद होने पर नेहरू के समय आशक्ति,इंदिरा के समय संपति की राजनीति होती रही है पर भाजपा के सत्ता में आते ही गरीबी से जूझ रहे भारतीय नागरिकों की इन समस्याओं से मुक्ति की राजनीति प्रारम्भ हुई उन्होंने भाजपा के एकात्म मानववाद सिद्धांत पर भी प्रकाश डाला। सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य रुप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर,जिला महामंत्री राजेश दाहिया,भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल,अनंत नौगरहिया,पवन गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष माधव मिश्रा,शिशिर पांडे,के के दुबे,अंकित तिवारी,विनय जैन सहित अनेक सक्रिय सदस्य एंव भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों के साथ मायके जा रही महिला को स्कार्पियों ने टक्कर मारी

*जबलपुर। गोराबाजार थाना क्षेत्र में एक स्कार्पियो ने एक्सिस वाहन में सवार एक महिला के पैर में टक्कर मार दी, जिससे महिला को पैर में चोटें आ गई। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भानतलैया बकरा मार्केट निवासी 32 वर्षीय श्रीमति पूनम कलसा गत भानतलैया से मायके चेतना मैदान अपनी एक्सिस से अपने तीनों बच्चों को बिठाकर दोपहर लगभग 3 बजे मायके जा रही थी जैसे ही डाक्टर सुलखिया क्लीनिक के आगे पहुंची, तभी चेतना मैदान की ओर से आ रही स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 9914 के चालक ने उसके पैर में टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटे आ गयी है। पुलिस ने आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।*

### रंगदारी वसूलने बदमाशों ने चलाए चाकू

## चाकूबाजी की वारदातों में 3 घायल

**जबलपुर**। लार्डगंज, गोरखपुर और अधारताल थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए हैं। लार्डगंज में महाराष्ट्र हाई स्कूल के सामने दो अज्ञात बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर चाकू से हमला कर दिया, वहीं गोरखपुर और अधारताल में शराब के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवक पर लाठी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया।



लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लार्डगंज थाने के पीछे निवासी 30 वर्षीय वन रक्षक आदित्य मिश्रा गत 8 अप्रैल को तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने घर जबलपुर आया था। गत रात लगभग 9.30 बजे वह अपनी मोटर सायकल से रानीताल पेट्रोल पम्प से पेट्रोल भरवाकर मालवीय चौक तरफ आ रहा था जैसे ही वह महाराष्ट्र हाई स्कूल के सामने खड़ा हुआ, तभी सुजुकी एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड टी में दो अज्ञात लड़के आये और उसे गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो एक लडके ने उसे पकड़ लिया और दूसरे लड़के ने चाकू से उसके कंधे के नीचे हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला जांच में लिया है।

इसी तरह गोरखपुर में हाथीताल कालोनी निवासी 38 वर्षीय सब्जी विक्रेता अजय कुमार गत रात लगभग 9 बजे पोस्ट आफिस के पास हाथीताल में अपना ठेला लगाया था, तभी सनी गुप्ता एवं गगन भटरा का भाई उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो सनी ने लाठी से उसके पैर की ऐड़ी पर हमला कर दिया और गगन के भाई ने मारपीट कर उसकी सब्जियां बिखेर कर जान से मारने की धमकी दी।

इसी प्रकार अधारताल में कटरा गणेश चौक निवासी 19 वर्षीय पीयूष केवट गत रात लगभग 10.40 बजे अधारताल चौपाटी में चाट खाने अपने दोस्त अभिनव बर्मन के साथ गया था, जहां पर अनुज ठाकुर, सम्मान पटैल मिले और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, मना करने पर दोनों गाली गलौज करने लगे। सम्मान पटेल ने मारपीट की और अनुज ने चाकू से उसकी दोनों जांघ पर हमला कर घायल कर दिया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बाईक की टक्कर से स्कूटी सवार 2 घायल

**जबलपुर**। पनागर थाना अतंर्गत परियट नहर के पास मेन रोड पर पीछे से एक बाईक ने एक स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक स्कूटी सहित नीचे गिरकर घायल हो गये। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीव कुमार उर्फ बाबी और संजय उर्फ संजू बर्मन अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसजेड 0855 से पनागर अपने दोस्त मयूर केशवानी से मिलने आए थे। मयूर केशरवानी अपनी बाईक से और संजीव कुमार और संजय बर्मन दोनों एक स्कूटी में बैठकर इमरिया जा रहे थे। शाम लगभग 7 बजे जैसे ही परियट नहर के पास मेन रोड पहुँचे, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड पी 5457 के चालक ने संजीव कुमार की स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी में सवार संजीव कुमार एवं संजय बर्मन गिर गये और दोनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं हैं। मयूर केशरवानी ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए, भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



**श्री अरविन्द विष्णु पोल**- यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड निवासी कविता पोल के पिताजी व अस्मिता पोल के ससुर और विद्युत मण्डल में कार्यरत संजय पोल के चाचाजी श्री अरविन्द विष्णु पोल का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज 12 अप्रैल को दिन में 12.00 बजे निज निवास से रानीताल मोक्षधाम को प्रस्थान करेगी।

**श्री शरद चंद्र श्रीवास्तव**- साईं सुबह परिसर फेस 2 संजीवनी नगर निवासी श्री शरद चंद्र श्रीवास्तव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव गणेश राजपूत**- गंगासागर हनुमान मंदिर के पास गढ़ा रोड निवासी श्री शिव गणेश राजपूत (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उदय सिंह ठाकुर**- संजय नगर अधारताल निवासी श्री उदय सिंह ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मंगल अहिरवार**- राजीव नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री मंगल अहिरवार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश वाल्मीक**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गली नं. 2 पोलीपाथर निवासी श्री गणेश वाल्मीक (64) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी समैया**- हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया के पास निवासी श्री हरीश चंद्र समैया की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी समैया (85) का निधन हो गया।अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. आसनी कोरी**- विस्थापित बस्ती फेस 1 तिलहरी निवासी श्री देवेंद्र कोरी की पुत्री कु. आसनी कोरी (18) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कल्लू चौधरी**- शंकर चौक ठक्कर ग्राम निवासी श्री कल्लू चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा**- लालमाटी चांदमारी पंचशील स्कूल के पास निवासी श्री सरमन प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चोईथवानी**- एलांजा तिलहरी निवासी श्री सुरेश चोईथवानी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कमल सिंह नागवंशी**- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कमल सिंह नागवंशी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

हाई सिक्युरिटी सेल में कैद तहव्वुर राणा

# एनआईए के लॉकअप में जमीन पर गुजारी पहली रात, 14 गुणा 14 फीट के कमरे में ही बाथरूम, सीसीटीवी से रखी जा रही कड़ी निगरानी, एनआईए टीम कर रही पूछताछ

**12 नामित अधिकारियों को ही जाने की इजाजत**

राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा फिलहाल एनआईए की गिरफ्त में है। पटियाला कोर्ट ने राणा को नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की 18 दिन की हिरासत में भेज दिया है। भारत आने के बाद तहव्वुर राणा की पहली रात एनआईए के लॉकअप में गुजरी। जानकारी के मुताबिक, राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में एनआईए हेडक्वार्टर के ग्राउंड फ्लोर पर बने लॉकअप में रखा गया है। इस सेल का साइज लगभग 14/14 फुट का है। सीसीटीवी कैमरे से लैस सेल के अंदर जमीन पर एक बिस्तर लगा है। बाथरूम भी सेल के अंदर ही है। बता दें कि सेल के अंदर केवल 12 नामित एनआईए अधिकारियों को ही इजाजत है। सेल के अंदर ही राणा को सारी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। शुक्रवार से एनआईए की टीम राणा से पूछताछ करने में जुट गई है। एनआईए अधिकारियों द्वारा की जाने वाली पूछताछ की रिकॉर्डिंग की जा रही है। पूछताछ के दौरान राणा को बीच-बीच में ब्रेक भी दिया। बता दें कि पूछताछ के लिए आठ एजेंसियों ने एनआईए से सिफारिश की है।



■ एनआईए अधिकारी पूछताछ की रिकॉर्डिंग कर रहे

## अमेरिकी न्याय विभाग का बड़ा खुलासा




### आतंकियों को 'निशान-ए-हैदर' दिलाना चाहता था राणा

*तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के एक दिन बाद अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने कहा कि कि मुंबई आतंकवादी हमले के बाद राणा ने कथित तौर पर अपने सह-साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली से कहा था कि हमले के दौरान मारे गए नौ लश्कर आतंकवादियों को 'निशान-ए-हैदर' दिया जाना चाहिए। बता दें, 'निशान-ए-हैदर' युद्ध में वीरता के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च पुरस्कार, जो शहीद सैनिकों के लिए है। हमला पूरा होने के बाद राणा ने हेडली से कथित तौर पर कहा था कि भारतीय इसके लायक थे।*

### एनआईए का लक्ष्य और नाम उगलवाना

*मुंबई आतंकी हमले को लेकर जांच एजेंसी के अधिकारी, राणा के साथ विस्तार से बातचीत करेंगे। बातचीत के जरिए अधिकारी आतंकी हमले से जुड़े सबूतों को जुटाएंगे। बता दें कि शुरुआत के कुछ दिनों तक राणा से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उसे देश के कई शहरों में ले जाया जाएगा। आतंकी हमले से पहले राणा ने इन जगहों की रेकी की थी। एनआईए का सबसे बड़ा लक्ष्य है राणा की जुबान से मुंबई आतंकी हमले का सबसे बड़ा मास्टरमाइंड हाफिज सईद और उसके गुर्गों का नाम उगलवाना।*

### हेडली और राणा की कई बार हुई मुलाकात

डीओजे ने कहा है कि दो साल से अधिक समय के दौरान, हेडली ने कथित तौर पर शिकागो में राणा से बार-बार मुलाकात की और लश्कर की ओर से अपनी निगरानी गतिविधियों, हेडली की गतिविधियों पर लश्कर की प्रतिक्रियाओं और मुंबई पर हमला करने की लश्कर की संभावित योजनाओं के बारे में बताया। डीओजी ने राणा के प्रत्यर्पण को 'छह अमेरिकियों और अन्य दर्जनों पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम' बताया, जो लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों द्वारा मारे गए थे।

## राणा के खिलाफ केस लड़ेंगे कृष्णन



तहव्वुर राणा के खिलाफ एनआईए की ओर से वकील दयान कृष्णन केस लड़ेंगे। हालांकि इस केस से वे पहले से जुड़े हुए हैं। कृष्णन 2010 में शिकागो में डेविड हेडली से पूछताछ करने वाली एनआईए टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें 2014 में उन्हें हेडली और राणा दोनों के प्रत्यर्पण मामलों के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया था। राणा को भारत लाने में भी उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई है। राणा ने अमेरिका में प्रत्यर्पण से बचने के लिए 'डबल जेपर्डी' का तर्क दिया था लेकिन कृष्णन ने अपने तर्कों से साबित कर दिया था कि भारत के राणा के खिलाफ आरोप अलग प्रकृति के हैं... इसी वजह से अमेरिकी कोर्ट ने उसकी सारी याचिकाएं खारिज की थीं। वकील कृष्णन भारत के पहले राष्ट्रीय विधि विद्यालय शनल लॉ स्कूल बेंगलुरु से 1993 में ग्रेजुएट हुए हैं। वे पहले बैच का हिस्सा थे। 1999 में अपनी स्वतंत्र वकालत की प्रैक्टिस शुरू की थी। वे भारतीय कानूनी प्रणाली में एक प्रमुख शख्स हैं। कृष्णन को 2014 में दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। उन्हें प्रत्यर्पण कानून का विशेषज्ञ माना जाता है। उन्होंने 1999 में न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग में भी योगदान दिया हैं। कृष्णन ने 2001 के संसद हमले का मुकदमा, कावेरी जल विवाद, दूरसंचार घोटाला, नितीश कटारा हत्याकांड, उपहार अग्निकांड जैसे कई हाई-प्रोफाइल मामलों में वे सरकार की तरफ से केस लड़े हैं। दयान कृष्णन ने निर्भया केस भी लड़ा था...वो भी फ्री में।

---

## खबर संक्षेप



### जम्मू-कश्मीर में सेना ने एनएच-44 पर बढ़ाई सुरक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को रोकने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सेना ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (एनएच-44) पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। यह राजमार्ग केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों को जोड़ता है। तंकवादियों द्वारा हथियारों और सामान की तस्करी के लिए इसका इस्तेमाल करने की कोशिशों को नाकाम करने के उद्देश्य से सेना ने कई बड़े कदम उठाए हैं।

### बांग्लादेश में सेना के 5 अधिकारी हाउस अरेस्ट

**ढाका।** बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रूस के दौरे पर हैं। इस बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर बांग्लादेशी सेना के 5 आला अफसरों को नजरबंद कर दिया गया है। इसमें ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद, आरएबी से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, बीजीबी के लेफ्टिनेंट कर्नल रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर नोमान अल फारुक शामिल हैं।



---

कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# अमेरिका के सख्त रुख के बीच 'भारत' तत्काल व्यापार वार्ता के लिए हुआ तैयार

अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के अपने दृष्टिकोण को बदला

जयशंकर ने कहा कि भारत के व्यापार सौदे बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, क्योंकि अमेरिका बहुत महत्वाकांक्षी है और वैश्विक परिदृश्य एक साल पहले की तुलना में बहुत अलग है। हमारे व्यापार सौदे वास्तव में चुनौतीपूर्ण हैं और जब व्यापार सौदों की बात आती है, तो हमें एक-दूसरे के साथ बहुत कुछ करना होता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए अधिक तत्परता से तैयार है। कार्नेगी ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में अपने मुख्य भाषण में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत के व्यापार सौदे बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे, क्योंकि अमेरिका बहुत महत्वाकांक्षी है और वैश्विक परिदृश्य एक साल पहले की तुलना में बहुत अलग है।

**वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में यूरोप भी तनावपूर्ण स्थिति में**

उन्होंने कहा कि इस बार, हम निश्चित रूप से तत्काल व्यापार वार्ता के लिए तैयार हैं। हमें एक अवसर दिखाई दे रहा है। हमारे व्यापार सौदे वास्तव में चुनौतीपूर्ण हैं और जब व्यापार सौदों की बात आती है, तो हमें एक-दूसरे के साथ बहुत कुछ करना होता है। मेरा मतलब है कि ये लोग अपने खेल में बहुत आगे हैं, जो हासिल करना चाहते हैं, उसके बारे में बहुत महत्वाकांक्षी हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह अमेरिका का भारत के प्रति दृष्टिकोण है, उसी तरह भारत का भी उनके प्रति दृष्टिकोण है। हमने पहले ट्रंप प्रशासन में चार साल तक बातचीत की। उनका हमारे प्रति अपना दृष्टिकोण है और स्पष्ट रूप से हमारा उनके प्रति अपना दृष्टिकोण है।




### भारत सेमीकंडक्टर को प्राथमिकता दे रहा

*विदेश मंत्री ने कहा कि भारत भी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में प्रगति कर रहा है और कई दशकों के बाद सेमीकंडक्टर को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने ग्लोबल टेक्नोलॉजी समिट में विशेषज्ञों से इस मुद्दे पर चर्चा करने और देश के तकनीकी पक्ष को सकारात्मक रूप से देखने का आग्रह किया।*




### कई देशों ने तकनीकी प्रगति से प्रभाव बनाया

जयशंकर ने कहा कि पांच साल पहले, मुझे लगता है कि यूरोप में शायद सबसे अच्छी भू-राजनीतिक स्थिति थी। इसने संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन के बीच आदर्श त्रिकोण का निर्माण किया था। आज, उसका हर पक्ष तनाव में है। जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान ने भी तकनीकी प्रगति के माध्यम से भू-राजनीतिक प्रभाव बनाने की कोशिश की है।

### अमेरिका सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के अपने दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल दिया है और इसका परिणाम हर क्षेत्र में है, लेकिन मेरा मानना है कि तकनीकी परिणाम विशेष रूप से गहरे होंगे। यह न केवल इसलिए गहरा होगा क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, वैश्विक तकनीकी प्रगति का मुख्य चालक है, बल्कि इसलिए भी कि यह बहुत स्पष्ट है कि अमेरिका को फिर से महान बनाने में तकनीक की बड़ी भूमिका है। इसलिए एमएजीए और तकनीक के बीच एक संबंध है, जो शायद 2016 और 2020 के बीच इतना स्पष्ट नहीं था।

### चीन के निर्णय अमेरिका की तरह

उन्होंने पिछले एक साल में चीन के बढ़ते भू-राजनीतिक प्रभाव के साथ हो रहे वैश्विक शक्ति परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार की गतिशीलता व्यापार के साथ-साथ टेक्नोलॉजी से भी प्रभावित होती है और चीन के निर्णय अमेरिका की तरह ही महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलावों पर प्रकाश डालते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि यूरोप भी खुद को तनावपूर्ण स्थिति में पाता है।

---

ऑस्ट्रिया और भारत के बीच व्यापार साझेदारी

## ई-मोबिलिटी, चिप्स और फिनटेक सेक्टर में निवेश पर करेंगे सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऑस्ट्रिया और भारत के बीच निवेश और व्यापार साझेदारी के कई अवसर हैं, जिसमें ई-मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और फिनटेक शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर के साथ अपनी बैठक के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था, प्रमुख सुधारों और नीति उपायों के प्रमुख पहलुओं को साझा किया। वित्त मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) के माध्यम से ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में दोनों पक्षों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच, विशेष रूप से फिनटेक के क्षेत्र में निवेश और व्यापार सहयोग के कई अवसर मौजूद हैं।

### द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

*वित्त मंत्री ने पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा को याद करते हुए कहा कि यह भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी में, खासकर आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने में एक मील का पत्थर था। उन्होंने ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था मंत्री और वित्त मंत्री के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान वित्तीय, आर्थिक, व्यापार और निवेश क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश पारस्परिक लाभ के लिए अपनी पूरक क्षमताओं का लाभ उठाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया की क्षमताओं और जुड़ाव की संभावनाओं के आधार पर हमने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी चिह्नित किया है।*

### ब्रिटेन के साथ एफटीए पर चर्चा की

इससे पहले, अपनी लंदन यात्रा के दौरान, वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर से मुलाकात की और व्यापार एवं निवेश और दोनों देशों के बीच आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

---

राष्ट्रपति मुर्मू ने निवेश का दिया न्योता

## कहा- भारत, विश्व पटल पर 'लीडर' के रूप में उभर रहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों अपने स्लोवाकिया दौरे पर हैं। जहां गुरुवार को उन्होंने ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया-भारत व्यापार मंच को भी संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का जिक्र किया। साथ ही स्लोवाकियाई व्यवसायों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित भी किया।

मुर्मू ने कहा कि आज की दुनिया अनिश्चितताओं से भरी हुई है और इसमें भारत प्रगति की एक शानदार मिसाल है। बता दें कि मुर्मू बुधवार को अपनी दो देशों की राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया पहुंची। जहां वह स्लोवाक गणराज्य का दौरा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति बन गईं।

### भारत-स्लोवाकिया के व्यापारिक संबंध पर जोर

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत और स्लोवाकिया ने कई क्षेत्रों में मिलकर काम किया है। अब समय आ गया है जब दोनों देशों को अपने व्यापारिक संबंधों को और विविधित करने पर ध्यान देना चाहिए। स्लोवाकिया ऑटोमोटिव भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार, कुशल कार्यबल और मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से लाभ उठा सकता है। विशेष रूप से ऑटोमोटिव क्षेत्र में दोनों देशों के बीच एक मजबूत संबंध बना है। इसमें टाटा मोटर्स की सहायक कंपनी जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने 2018 से स्लोवाकिया में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिसमें नाइट्रा में उनका कारखाना शामिल है।*

### पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेंगे हम

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि स्लोवाकिया अपनी कार्यबल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशों से मेहनती और कुशल श्रमिकों की तलाश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि भारतीय प्रतिभा स्लोवाकिया की आर्थिक प्रगति में मददगार हो सकती है। भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है और भारत इस लक्ष्य को स्लोवाकिया जैसे मित्र देशों के साथ साझेदारी में पूरा करने की उम्मीद करता है।

---

भारत और इटली के बीच हुआ एमओयू

## क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई और नई तकनीकों पर मिलकर करेंगे काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को इटली की यूनिवर्सिटी और रिसर्च मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए एक अहम समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इसके तहत दोनों देश मिलकर क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई, बायोटेक्नोलॉजी और नई उभरती तकनीकों पर काम करेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह सहयोग पीएम नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम मेलोनी की जी20 बैठक में हुई बातचीत का नतीजा है। इस समझौते के तहत 2025 से 2027 तक 10 साझा शोध परियोजनाएं और 10 नई खोज की पहलें शुरू होंगी।



---

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की सलाह

## भारत और ईयू को व्यापार समझौते के लिए दूर करनी होंगी रुकावटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने के लिए दोनों पक्षों को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यापारिक अड़चनों को हटाना बेहद जरूरी है ताकि बातचीत तेजी से आगे बढ़ सके। गोयल ने यह बात 'इटली-भारत बिजनेस, साइंस एंड टेक्नोलॉजी फोरम' में कही।



### सहयोग की भावना से करना होगा काम

*गोयल ने कहा कि इसके लिए सभी सदस्य देशों को सहयोग की भावना से काम करना होगा और यह समझना होगा कि कौन-कौन सी रुकावटें इस समझौते को रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इटली के बीच निवेश को बढ़ाना जरूरी है और दोनों देशों के कारोबारियों को बिना किसी अड़चन के व्यापार करने का अवसर मिलना चाहिए। पिछले महीने पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन के बीच दिल्ली में मुलाकात हुई थी।*

---

न्यूयॉर्क शहर में हेलिकॉप्टर क्रैश

## छह लोगों की मौत, हडसन नदी में मिले शव और विमान का मलबा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यहां हडसन नदी में हुए हेलिकॉप्टर दुर्घटना में स्पेन के एक पर्यटक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि हेलिकॉप्टर गुरुवार को मैनहट्टन के पास नदी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अग्निशमन विभाग ने इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उसे दोपहर 3:17 बजे पानी में एक हेलिकॉप्टर की सूचना मिली थी। जिसके बाद हम मौके पर पहुंचे। मामले में अधिकारियों ने बताया कि



एक हेलिकॉप्टर मैनहट्टन और न्यू जर्सी तट के बीच हडसन नदी में गिर गया, जिससे स्पेन के पर्यटकों के एक परिवार की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर दोपहर करीब 3 बजे एक हेलीपोर्ट से उड़ा था और दुर्घटना के बाद मृतकों को नदी से निकाला गया।

---

मेक इन इंडिया का असर, भारतीय कंपनी बनाएगी एयरबस हेलिकॉप्टर का ढांचा

# मार्च 2027 से यूरोप में पहली केबिन असेंबली डिलीवरी शुरू की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयरबस ने एच130 हेलिकॉप्टर फ्यूजलेज के निर्माण के लिए महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स का चयन किया है। 'मेक इन इंडिया' की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है। मार्च 2027 से यूरोप में एयरबस हेलिकॉप्टर्स की सुविधा में असेंबली की डिलीवरी शुरू होगी।

भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री किन्जरापु राममोहन नायडू, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव वूमलुन्मांग वुलनम, भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी मेलार्ड और महिंद्रा समूह के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह की उपस्थिति में इसी सप्ताह अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आठ सीटों वाला एच130 एक लोकप्रिय हेलिकॉप्टर है।

इसका उपयोग परिवहन, पर्यटन, चिकित्सा, निगरानी और निजी विमानन गतिविधियों के लिए किया जाता है।




### साझेदारी नए रिश्ते का प्रतीक

*डॉ. अनीश शाह, ग्रुप सीईओ एवं एमडी, महिंद्रा ग्रुप ने कहा कि हम एयरबस के साथ इस महत्वपूर्ण एयरोस्ट्रक्चर अनुबंध के माध्यम से अपनी दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा करने पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। एयरबस के साथ अपने ट्रैक रिकॉर्ड पर आगे बढ़ना और भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को समर्थन देना गर्व की बात है। रेमी मेलार्ड, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयरबस (भारत एवं दक्षिण एशिया) ने कहा, हम भारत के लिए एक रणनीतिक योजना के तहत एयरोस्पेस इकोसिस्टम को हर पहलू में विकसित कर रहे हैं, जैसे असेंबली, मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, इनोवेशन, डिजिटल और ट्रेनिंग। एच130 फ्यूजलेज निर्माण अनुबंध भारतीय आपूर्ति श्रृंखला की बढ़ती औद्योगिक उत्कृष्टता में एयरबस के विश्वास को दर्शाता है। महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स के साथ यह नई साझेदारी हमारे भारत के साथ मजबूत रिश्ते का प्रतीक है।*

### एच130 सिंगल इंजन हेलिकॉप्टर

*एच130 एक मध्यम आकार का सिंगल-इंजन हेलिकॉप्टर है जिसे यात्री परिवहन, पर्यटन, निजी और व्यावसायिक विमानन, साथ ही मेडिकल एयरलिफ्ट और निगरानी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें एक चौड़ा और बिना किसी अवरोध वाला केबिन होता है, जिसमें पायलट सहित कुल 7 यात्री आराम से बैठ सकते हैं।*

### असेंबल करने का भी करार

*महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड को एयरबस हेलिकॉप्टर्स द्वारा अपने एच130 लाइट सिंगल-इंजन हेलिकॉप्टर के मुख्य फ्यूजलेज (ढांचे) के निर्माण और असेंबली के लिए एक प्रतिष्ठित अनुबंध प्रदान किया गया है।*



## श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर आज विविध आयोजन

# शोभायात्रा निकलेगी, धार्मिक अनुष्ठानों एवं भंडारों की धूम

**जबलपुर। अंजनी पुत्र महाबली पवनसुत हनुमान का जन्मोत्सव शनिवार 12 अप्रैल को शहर में पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे के अलावा जागरण के आयोजन भी किए गए। हनुमान जन्मोत्सव पर अत्याधिक भक्ति भाव से लोग पूजन-पाठ, हवन, कीर्तन करने हनुमान मंदिर पहुंचेगे। नगर के अति प्राचीन और स्वयं सिद्धपीठ मां नर्मदा के पावन तट के किनारे स्थित श्री रामलला मंदिर में सवा लाख नारियलों का हवन किया जाएगा।**

हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजनों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। हनुमान भक्त देर रात तक मंदिरों की साफ-सफाई, धुलाई और साज-सज्जा में व्यस्त रहे। शुक्रवार की शाम से ही हनुमान मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ के आयोजन प्रारंभ हो गए थे। बहुत से मंदिरों से धर्म जागरण रैलियां भी हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर निकाली गई। इस बार हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को पड़ने से हनुमान जन्मोत्सव का महत्व दुगुना हो गया।

### सवा लाख नारियलों का हवन होगा

श्री रामलला मंदिर गौरीघाट में हनुमान जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। यहां वर्ष में एक बार गर्भ गृह से श्री हनुमान लला को आम जनता के दर्शनार्थ बाहर निकाला जाएगा वहीं अर्जी के रुप में मनोकामना पूर्ण करने प्रतिस्थापित किये जाने वाले नारियलों का हवन होगा। मंदिर में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ होगा, अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हो चुका है। सवा लाख नारियलों का हवन किया जाएगा साथ ही अभिषेक-पूजन और भंडारे का आयोजन भी होगा।



### शोभायात्रा आज

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज 12 अप्रैल शनिवार को गोविंदगंज रामलीला प्रांगण स्थित अति प्राचीन कटरा महावीर मंदिर से सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो मिलौनीगंज, सराफा, निवाड़गंज, दीक्षितपुरा होते हुये छोटे फुहारा पहुंचेगी। शोभायात्रा में राम दरबार, बाल स्वरूप हनुमान, दुर्गाजी आदि की झांकियां होगी। शोभायात्रा के उपरांत पूजन पाठ, भंडारा व शाम 5 बजे से भजन संगीत का कार्यक्रम आयोजित है।

### भक्ति ज्ञान-गंगा कार्यक्रम



रानीताल चौक स्थित श्री संकटमोचन सिद्धपीठ में शाम 6 बजे से विशिष्ट भक्ति ज्ञानगंगा का आयोजन किया गया है। इसके साथ हनुमान जी का रुद्राभिषेक, हवन, पूजन, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया है।

### बड़े महावीर मंदिर में महाआरती

बड़े फुहारे के निकट अति प्राचीन बड़े महावीर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा और सांयकाल महाबली बड़े महावीर की महाआरती की जाएगी। यहां दिन भर प्रसाद का वितरण होगा और अगले दिन और रात्रि में भंडारे के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

### हाईकोर्ट हनुमान मंदिर में 51 किलो का भोग

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय परिसर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे से सामूहिक सुंदर कांड, हनुमान चालीसा होगा। 9.30 बजे हवन के उपरांत 51 किलो लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह 10 बजे विशाल आरती और प्रसाद वितरण होगा।

राम मंदिर मदन महल में श्री हनुमत जन्मोत्सव

श्री राम मंदिर मदनमहल में संकट मोचन श्री रामभक्त वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव 12 अप्रैल दिन शनिवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसी क्रम में प्रातः- 10 बजे श्री सुन्दरकांड का पाठ,11:30- बजे भजन कीर्तन, 12 बजे श्री हनुमान जी की आरती,12:30 बजे से भजनो की प्रस्तुति, तत्पश्चात प्रभु का प्रसाद (भंडारा) होगा।

### सिद्धपीठ आगासौद में आयोजन



निकटवर्ती श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर परिसर आगासौद पाटन मार्ग जबलपुर में हनुमान जन्मोत्सव पर 11 अप्रैल को अखण्ड मानसपाठ का आयोजन एवं 12 अप्रैल को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे हवन, पूजन, महाआरती, कन्या भोज एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है इसके बाद क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति आयोजित है। मंदिर के पुजारी व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ने उपस्थिति की अपील की है।



### चिंतामणी हनुमान मंदिर में भजन संध्या

पाटन रोड स्थित सिग्नेचर पार्क में स्थापित चिंतामणी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विभिन्न आयोजन होंगे। प्रातः मंगल अभिषेक, आरती पूजन के बाद सुबह 10 बजे से भंडारा होगा। वहीं शाम 7 बजे महाआरती होगी। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया है। बता दें की 12 फीट ऊंचे हनुमान जी की प्रतिमा का निर्माण काले ग्रेनाइट पत्थर से किया गया है।



### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर

संभागीय कुशवाहा समाज के पूर्व अध्यक्ष खेमचंद पटेल ने बताया कि शनिवार 12 अप्रैल को भगवान संकट मोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्वारीघाट में प्रातः 9 बजे से श्री पंचमुखी हनुमान जी का अभिषेक, श्रंगार पूजन-अर्चन के पश्चात हवन आरती उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

### भेड़ाघाट में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन आज



**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद में स्थापित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर नगर निगम/नगर पालिका कर्मचारी संघ भेड़ाघाट द्वारा आज हनुमान जी का जलाभिषेक एवं पूजन पाठ, बटुक ब्राह्मणों द्वारा सुंदरकांड का वाचन किया जाएगा। कार्यालय परिसर से धर्मध्वजा शोभायात्रा खेरमाई मंदिर भेड़ाघाट से भैरव मंदिर भेड़ाघाट तक निकाली जाएगी। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।



## इंटरामुरल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में वीर शिवाजी हाउस बना विजेता

**जबलपुर।** शारीरिक शिक्षा विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित इंटरामुरल बास्केटबॉल के अंतर्गत 3×3 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कुलदीप सिंह बरार जो की जबलपुर साईं के डायरेक्टर हैं और इंडियन वूमेंस टीम के कोच रह चुके हैं एवं प्रोफेसर विशाल बन्ने संचालक के मुख्य अतिथि में खेला गया। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में विजेता वीर शिवाजी और उपविजेता आजाद अवेंजर एवं तृतीय स्थान शिवराम रेंजर्स हाउस ने प्राप्त किया। फाइनल के अंत में समस्त विजेताओं को ट्रॉफी, व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत शर्मा और दिव्या छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम के दौरान सुदर्शन सिंह ठाकुर, डॉ. प्रसनजीत चटर्जी, डॉ. कन्हैया कुमार राठौर, प्रवीण पांडे, प्राची यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महानगर अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व एवं जबलपुर कैंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में अंबेडकर पार्क मोदीबाड़ा सदर स्थित ज्योतिबा फुले मूर्ति पर माल्यार्पण कर महात्मा जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने विधायक अशोक रोहाणी एवं सैनी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सफाई कर्मियों का शाल, श्रीफल से सम्मान कर मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में सैनी समाज के अध्यक्ष चंद्रभान सैनी, नगर उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल, पंकज सोनी, जय यादव, राहुल यादव, विनय चौकसे, हर्षित ताम्रकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष राव, सौरभ गोयल, पवन यादव, संजय ठाकुर, सुंदर अग्रवाल, संजय वर्मा, अभिषेक रजक, गोपाल सैनी, विकास बावरिया, चमन पासी, प्रवीण सैनी, सुरेंद्र सैनी, विनोद सैनी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संयोजन सुनील सैनी एवं संचालन जितेंद्र साहू ने किया।

## तहसीली चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर बनाई जाएं व्यवस्थाएं

**जबलपुर।** अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा के द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), निगमाध्यक्ष रिंकुज विज (रिंकू), निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन सौंपते हुये बताया गया कि तहसीली चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा में विगत कई वर्षों से रंग रोगन एवं पुताई का कार्य नहीं किया गया है, जिसके कारण अंबेडकर जी की प्रतिमा पर काफी धूल जमने के कारण वह खराब हो रही है। साथ ही अजाक्स संघ के अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि प्रतिमा के समीप जाने हेतु एक तरफ सीढ़ी का प्रबंध किया गया है जिससे प्रतिमा के समीप आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और आगामी दिनों में



भीमराव अंबेडकर का 14 अप्रैल 2025 को 134 जन्मदिवस कार्यक्रम तहसीली चौक में आयोजित कराया जाना है। संघ द्वारा मांग की गई कि 14 अप्रैल 2025 के पूर्व तहसीली चौक में स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप आने-जाने हेतु दोनों तरफ से सीढ़ी की व्यवस्था करायी जावे। संघ की मांग को स्वीकारते हुये आयुक्त द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये उद्यान विभाग को आदेशित किया गया कि 14 अप्रैल 2025 से पूर्व तहसीली चौक स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा पर सुनहरा रंग एवं प्रतिमा के समीप सीढ़ी की व्यवस्था करायी जाए। महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू), निगमाध्यक्ष रिंकुज विज (रिंकू), निगमायुक्त प्रीति यादव को ज्ञापन प्रेषित करने हेतु अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, जगदीश नन्हेट, अचैया कोरी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, कालूराम सोलंकी, समीम भईजान, श्रीनिवासलू, सामियल, दयाराम धुर्वे, कोयरी नायडू, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, सोनू श्रीवास, राममूर्ति, राहुल कोरी, सुनील सिगोटिया सहित अधिक संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## विश्वदीप बौद्ध विहार में धम्मदेशना कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** विश्वदीप बौद्ध विहार रामपुर छापर के तत्वावधान में 10 अप्रेल को पपू अय्याजी साक्य धम्मदिन्ना ने विश्वदीप बौद्ध विहार में धम्मदेशना की। उन्होंने विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती एवं अगरबत्ती तथा पुष्प अर्पित कर तथागत गौतम बुद्ध की वंदना की। अय्याजी धम्मदिन्ना ने धम्मदेसना में पंचशील के बारे में बताया कि उपासक एवं उपासिकाओं को प्राणी हिंसा, चोरी, अब्रल्चर्य, मिथ्या वचन (झूठ), पक्की, कच्ची शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए और उपासक उपासिकाओं को अष्टशील में श्रद्धावान होना चाहिए। धम्मदेशना के बाद विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की खीर एवं फल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संदीप गायकवाड़, सुरेन्द्र इंगले, नीलेश सोमकुंवर, सिद्धार्थ खरे, आनंद कालपांडे, धर्मेन्द्र तांबे, वंदना गायकवाड़, अनिता काम्बले, निधि तंभाने, मीना खापर्डे, कृपा खरे, सुजाता इंगले, वीरेन्द्र बौद्ध सहित समस्त बौद्ध विहार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मोहम्मद एजाज़ खान को मिली पीएचडी की उपाधि



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा कला संगीत संकाय के अंतर्गत संगीत गायन के क्षेत्र में मोहम्मद एजाज़ खान को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। मोहम्मद एजाज़ खान ने अपना शोध कार्य शासकीय स्वशासी मानकुंवर बाई महिला कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. राजीव जैन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। मो. एजाज नगर के वरिष्ठ शायर पीर खाँ एवं नूरजहाँ के सुपुत्र एवं अमरीन खान के पति हैं।

## मेडिकल स्टेट कैंसर यूनिट जबलपुर को दी जाए : मांग

**जबलपुर।**

मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि स्टेट कैंसर यूनिट जबलपुर मेडिकल कॉलेज में कैंसर मशीनों की आवश्कता है जिसके बिना पूरा परिसर निर्माण बेकार है, आज हम कैंसर इलाज के लिए अरबों रुपए अन्य अस्पतालों को चुकाते हैं आयुष्मान के नाम पर, क्या हम अपने निर्मित भवन पर रेडिएशन मशीनें और सभी ज़रूरी उपकरण




लगाकर मेडिकल स्टैंड कैंसर यूनिट शुरू नहीं कर सकते, मुख्यमंत्री जी मशीन की गंभीरता समझकर जल्द उसे लगवाएं, साथ ही प्राइवेट सिक्वायरिटी भी उपलब्ध करवाएं ताकि मशीन सुरक्षित हो और मेंटेनेंस फ्री मशीनें लें ताकि कंपनियों को सुधार व्यय भी न देना पड़े। यह मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. आशीष डेंगरा, एड. रोशन मंध्यानी, डॉ. प्रशांत जैन, एड. विवेक शुक्ला, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, कमरुल इस्लाम ख़ान, मो. इस्माइल शेख़ सहित अन्य ने की है।

## शंकरशाह नगर रामपुर की शासकीय कॉलोनी जर्जर हालत में

### शासकीय कॉलोनियों के जर्जर आवासों के मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किए जाएं

**जबलपुर।**

लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते शंकरशाह नगर रामपुर की शासकीय कॉलोनी जर्जर हालत में पहुंच गयी है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं या यूं कहें की लगभग 30-35 वर्षों से कॉलोनियों के मरम्मत कार्य नहीं किए गए जिससे कर्मचारी हैरान, परेशान और हलाकान हैं की आखिर मरम्मत कार्य कराने में इतनी उदासीनता क्यों? अभी दिनांक 10/4/2025 को शंकरशाह नगर रामपुर स्थित आवास क्रमांक 299 के बाथरूम की सीलिंग गिरने से उस आवास में रहने वाले बाल-बाल बच गए, यदि सीलिंग उन पर गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था, परंतु यदि मरम्मत कार्य अतिशीघ्र नहीं कराया गया तो कोई भी बड़े हादसे का शिकार हो सकता है, इसकी समस्त जिम्मेवारी लोक निर्माण विभाग की होगी। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, गुडविन चार्ल्स, रिंकू पीटर, एसबी रजक, फिलिप एंथोनी, राजू फ्रांसिस, उमेश सिंह ठाकुर, एनोस विक्टर, सुनील झारिया, रऊफ खान, राजू डहरिया, राजेश सिंह ठाकुर, दीपेश जैन, मक़सूद अहमद कादरी, आशीष कोरी आदि ने कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर से मांग की है की शासकीय कालोनी के आवासों की एकरूपता से मरम्मत कार्य हेतु समस्त जिम्मेवार अधिकारियों को आदेशित कर मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराए जाएं।

## कवि सम्मेलन 13 को

**जबलपुर।** कलम के सिपाही (कविमित्रों का समूह) द्वारा राष्ट्र निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेउकर जयंती की पूर्व संध्या पर विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रेल को शाम 6.30 बजे से बादशाह हलवाई मंदिर के पास किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के कवि आमंत्रित हैं। इस अवसर पर देश के ख्यातिलब्ध शायर अविनाश मसरूर एवं हास्य व्यंग्य कवि गोविंद डागौर की उपस्थित रहेगी। कलम के सिपाही के कविमित्र अमर अधव, अक्षय मौर्य, सुनीता साकेत एवं सुधा चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थिति का निवेदन किया है।

## नशीले इंजैक्शन लेकर भाग रहा आरोपी का वाहन नाली में गिरा

**जबलपुर।** नशीले इंजेक्शन की खेप लेकर जा रहा एक युवक पुलिस को देखकर ऐसा भागा कि उसका मोपेड जूपिटर वाहन नाले में घुस गया और आरोपी दौड़ लगाकर भाग गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर उसकी डिक्की खोली तो उसमें 22 इंजेक्शन मिले। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। लार्डगंज थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि गत रात्रि गश्त के दौरान आगा चौक सुलभ काम्पलेक्स के पास बल्देवबाग चौक की ओर से आगा चौक तरफ आ रही जूपिटर क्रमांक एमपी 20 एस यू 4933 का चालक पुलिस को देखकर स्कूटर को वापस मोड़कर पुनः बल्देवबाग चौक की ओर भागने के लिए मोड़ा, तो अनियंत्रित होकर जूपिटर रोड किनारे बनी नाली में चली गयी। जूपिटर का चालक जूपिटर छोड़कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से जूपिटर जब्त की जिसकी तलाशी लेने पर डिक्की में रखे 11 एविल फेनिरामाईन मैलेट इंजैक्शन एवं 11 एम्पुल बुप्रेनोरफिन इंजेक्टशन और जूपिटर वाहन जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 5/13 म.प्र.ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया है। आरोपी फरार है।